कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बस्ती

कार्यालय विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायाय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्या 14/Admin-(D) Section दिनांकित 15.12.2022 के अनुपालन में पत्रांक-1463/। दिनांकित-24-03-2026 के माध्यम से माननीय न्यायालय को पूर्व में प्रेषित सूचना के अनुक्रम में जनपद न्यायालय, बस्ती में सेवा निवृत्त कर्मचारियों तथा दिनांक 30.06.2026 तक सेवानिवृत्त होने जा रहे कर्मचारियों में से निम्नांकित प्रतिबन्धों के अधीन आवेदन-पत्र आमन्त्रित किये जाते है-

1- सेवा-निवृत्त जनपद न्यायालय के कर्मचारी की आयु 65 वर्ष से अधिक न हो।

2- पुनर्नियुक्ति किसी रिक्त पद पर एक बार में एक वर्ष तक के लिए की जा सकेगी अथवा जब तक की पदोन्नति/सीधीभर्ती के माध्यम से रिक्त पद न भरा जाय अथवा 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले होगा।

3- पुनर्नियुक्त पद पर परिलब्धियों के रूप में भुगतान की गयी राशि अन्तिम आहरित वेतन के मूल धन में से पेंशन की राशि को घटाकर होगा।

4- पुनर्नियुक्ति का निर्धारण सेवानिवृत्त कर्मचारी के भूतकाल के सेवा अभिलेखों एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर किया जायेगा।

5- सेवा निवृत्त कर्मचारी अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक-07-04-2026 को सांय 5.00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते है।

6- जनपद न्यायालय बस्ती से सेवा निवृत्त कर्मचारियों को वरीयता दी जायेगी।

7- प्रार्थना पत्र का प्रारूप प्रशासनिक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

क्र०सं०	पद नाम	रिक्त पद
1.	वरिष्ठ सहायक	14
2.	चतुर्थ श्रेणी	09

कार्यालय विज्ञप्ति समस्त न्यायालय के कर्मचारियों के मध्य परिचालित कराया जाय।

सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाय।

माननीय उच्च न्यायालय की अधिकारिक बेबसाइट पर भी अपलोड किया जाय।

इस सूचना की एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, बस्ती को समाचार-पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाय।

दिनांक- 28.03.2026

28/3/2026

अध्यक्ष
नियुक्ति समिति
जनपद न्यायालय, बस्ती।